अजमेर.

राजस्थान पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक के 350 पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति इसी सप्ताह जारी होगी। राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रशासन ने भर्ती की विज्ञप्ति जारी करने और ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की तैयारी शुरू की है। राजस्थान पुलिस मुख्यालय से आयोग को गत माह उप निरीक्षक भर्ती के लिए अभ्यर्थना मिली है। कुल 350 पदों में से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, एसबीसी के आरक्षण का निर्धारण को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

आयोग प्रशासन नवम्बर -दिसम्बर तक लिखित परीक्षा कराने पर भी विचार कर रहा है। आगामी शनिवार तक भर्ती की विज्ञप्ति जारी कर दी जाएगी, सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे।